Headline: The orientation program will run until August 9, providing students with information about various activities.

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
08.08.2024	Rajasthan Patrika (Online)	All

जयपुर

9 अगस्त तक चलेगा ओरिएंटेशन प्रोग्राम, विभिन्न गतिविधियों के बारे में स्टूडेंट्स को दी जा रही जानकारी

जिसमें छात्रों को विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और आचार संहिता के बारे में बताया जा रहा है।

जयपुर • Aug 08, 2024 / 09:21 pm • Manish Chaturvedi

जयपुर। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी की ओर से नए बैच का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें एमबीए प्रोग्राम के 2024-26 बैच की शुरुआत के साथ 400 नए छात्रों का स्वागत किया गया। इस बैच में एमबीए (हॉस्पिटल एंड हेल्थ मैनेजमेंट), एमबीए (फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट), एमबीए (डेवलपमेंट मैनेजमेंट) और एमबीए (हेल्थकेयर एनालिटिक्स) के छात्र शामिल हैं। इस वर्ष के दाखिले में 58% महिला छात्रों का नामांकन हुआ।

प्रेसिडेंट डॉ पीआर सोडानी ने कहा कि नए छात्र अगले दो वर्षों के लिए यूनिवर्सिटी के साथ होंगे। डॉ सोडानी ने कहा कि छात्रों के लिए पांच दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम 5 अगस्त से चल रहा है। जो 9 अगस्त तक चलेगा, जिसमें छात्रों को विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और आचार संहिता के बारे में बताया जा रहा है।

समारोह में इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मैनेजमेंट रिसर्च, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज और स्कूल ऑफ डिजिटल हेल्थ के डीन भी मौजूद रहे।